एक किसान की सफलता की कहानी विकास खंड चौपाल जिला शिमला हिमाचल प्रदेश|

| | |
|---|---|
| किसान का नाम | मनोज शर्मा |
| पिता का नाम | श्री किरपा राम |
| गांव | ठलोग |
| ढाकखाना | चम्बी |
| तहसील | चौपाल |
| जिला | शिमला हिमाचल प्रदेश |
| मोबाइल नंबर | 98166-04686 |
| योजना का नाम | 1) राज्य कृषि यंत्रीकरण कार्यक्रम<br>2) राष्ट्रीय कृषि विकास योजना |
| सामग्री | पावर बिडर , ग्रास कटर व पिट्ठु स्प्रे पंप |
| अनुदान राशि | 25000 , 10000 व 1800 |

अगर किसी कार्य को सही तरीके से सही सलाह के साथ और सही जानकारी के साथ किया जाये तो फिर उसे सफल होने से कोई नहीं रोक सकता ऐसी ही कहानी है किसान श्री मनोज शर्मा जिन्होंने अपनी खेती करने को बदला परम्परागत फसले गेहू , जौं व् मक्की की जगह सब्जी की खेती करनी शुरू की और सफलता उनके कदम चूम रही है जो किसान अपनी खेती से कभी भी संतुष्ट नहीं रहता था और हमेशा निराश रहता था क्योकि खेती उनके लिए फायदे का सोदा नहीं बन पा रहा था अब यह किसान लाखो कमा रहा है और उनका जीवन अब खुशहाल है |

**इस तरह बना किसान लखपति**

जिला शिमला के विकास खण्ड चौपाल ग्राम ठलोग डाकघर चंबी के कृषक श्री मनोज शर्मा ने बताया की नगदी फसलों से उन्हें दुगना लाभ हुआ है | उन्होंने बताया की साल 2016 में वे कृषि विभाग अधिकारीयों के सम्पर्क में आने से उनके दवारा नगदी फसलों के लिए प्रेरित करने पर वर्ष 2016 से ही नगदी फसले मटर , गोभी , आलू , पालक , धनिया , मिर्च इत्यादि उगाने से अपनी आय दुगनी की उन्होंने कृषि विभाग से पॉवर बीडर , ग्रास कटर आदि अनुदान में प्राप्त करके उन्नत खेती प्रारम्भ की |

आज मनोज शर्मा नगदी फसले आधुनिक तरीके से उगा रहे हैं और अच्छी आय हासिल कर रहे हैं किसान मनोज शर्मा के मुताबिक जब वे पहले खेती करते थे तो उन्हें लाभ नहीं होता था लेकिन अब वो नगदी फसलों की खेती करके दुगनी आय ले रहे हैं किसान ने कृषि विभाग से कई योजनाओ का लाभ लिया है अब किसान प्राकृतिक खेती भी करने लग गया है जिसके अंतर्गत वो परम्परागत फसले जैसे कोदा , चोलाई, चिने , कावनी इत्यादि भी उगने लगा है | इनसे उस क्षेत्र के किसान काफी प्रेरित हो रहे है |

विषयवाद विशेषज्ञ ( कृषि )
विकास खंड चौपाल, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश







